Hindustan

06.04.2013

Page No. -16

S.No.- 140

आईटीएस संस्थान में पहुंचे 40 कॉलेजों के 300 प्रतिनिधि

मुरादनगर स्थित आईटीएस संस्थान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि एमटीयू के लेखा नियंत्रक डॉ. जेपी पांडेय। • हिन्दुस्तान

मुरादनगर | हमारे संवाददाता

आईटीएस संस्थान स्थित फार्मेसी कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार की शुरुआत हुई। महामाया तकनीकी विश्वविद्यालय, नोएडा के लेखा नियंत्रक डॉ. जेपी पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेमिनार में 40 कॉलेजों के 300 से अधिक डेलिगेट भाग ले रहे हैं।

सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. जेपी पांडेय ने कहा कि भारत में फार्मेसी शिक्षा विश्वस्तरीय है। उन्होंने कहा कि फार्मा इंस्डस्ट्री अब अपने रिसर्च सेंटर भी खोल रही हैं, जिनमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। एमिटी विवि के वाइस चांसलर एसएस अग्रवाल, डॉ. वाईके गुप्ता, पीसी डांडिया, जयपुर विवि के वाइस चांसलर एसएस अग्रवाल, जमाल बेंग, राहुल चौहान, मीनू बटोलर आदि ने भी संबोधित किया।

सेमिनार में हरिद्वार, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और लखनऊ के 40 कॉलेज के 300 शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. एसए सालगेरे ने भी संबोधित किया।

Dainik Jagran 06.04.2013

Page No. – 25 S.No.- 138

दवाओं के साइड इफेक्ट के बारे में दी जानकारी

संस, मुरादनगर :आइटीएस पैरामेडिकल कालेज में अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन महामाया टेक्निकल यूनिवर्सिटी नोएडा के परीक्षा नियंत्रक जेपी पांडेय ने किया। आइटीएस फार्मेसी कालेज एवं अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद के माध्यम से मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कालेज के मुख्य प्रशासक एस सूद ने इसका शुभारम्भ किया। परीक्षा नियंत्रक जेपी पांडेय ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य फार्मेसी के छात्रों को यह बताना है कि दवाओं का साइड इफेक्ट किन कारणों से होता है और इनसे कैसे बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम में 40 कालेजों से आए हुए वक्ताओं टीचर्स एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। फार्मेसी विभाग के निदेशक डा. वाई कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में साल गेरे रिसर्च फाउंडेशन के डायरेक्टर व भारत एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित एसए सालगेरे विचार व्यक्त किए। एमिटी यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर एसएस अग्रवाल ने बताया कि भारत मे फार्मेसी शिक्षा का स्तर विश्वस्तरीय हैं। कार्यक्रम में डाक्टर पीसी डांडिया, राहुल चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।